''मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग'' मशीनों की सफाई जीरो, फिर भी हर माह करोड़ों रु. भुगतान उठा रहे ठेकेदार

सालाना 16-17 करोड़ रु. खर्च करके भी सफाई के नाम पर सिर्फ सड़कों पर धूल उडा रही यह मशीनें

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी जयपुर की सड़कों की स्वचालित मशीनों (मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग) से सफाई करवाने के नाम पर नगर निगम प्रशासन हर साल 16-17 करोड़ रु. बहा रहा है, परंतु इसका रिजल्ट जीरो है। यह मशीनें सड़कों की सफाई में जीरो है, इसके बावजूद भी गैराज शाखा से हर माह सवा करोड़ रु. का बिल उठ रहा है।

कुल 29 मशीनों में से मात्र 9 मशीनें नगर निगम की हैं, शेष 20 मशीनों को नगर निगम ने किराये पर ले रखा है। नियमानुसार परकोटा क्षेत्र में रोड स्वीपर मशीनों के साथ 15 तथा बाहरी क्षेत्रों में 10 कर्मचारी अनिवार्य हैं, परंतु सड़कों पर ठेकेदार के एक चौथाई कार्मिक भी नहीं है। नगर निगम के ''व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम'' (वी.टी.एस.) को चकमा देने के लिए ठेकेदार के कर्मचारी अपने तय रूट ग्रेटर में 32 कि.मी. तथा हैरिटेज में 18 कि.मी. तक ट्रैक्टर सिर्फ सड़कों पर घुमाकर कोरी चांदी कूटने में लगे है। इसके बावजूद भी गैराज शाखा के अफसर मौन इस धांधली पर मौन साधे बैठे हैं।

सूत्रों की मानें तो नए ट्रैक्टर के साथ एक रोड स्वीपर मशीन की खरीद लागत करीब 15 लाख रु. है, इसके बावजूद गैराज शाखा के अफसर इन मशीनों की खरीद करके स्वयं संचालित करने के बजाय ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने में जुटे हैं। प्रतिदिन 32 कि.मी. क्षेत्र में प्रत्येक रोड स्वीपर मशीन का संचालन होता है, ठेकेदार यह फेरे तो पूरे कर रहे हैं, परंतु डीजल बचाने के लिए अधिकांश जगहों पर मशीन की झाड़ू सड़क पर टिकाई ही नहीं जा रही। कुछ जगहों पर सिर्फ ठेकेदार का एक कर्मचारी ट्रैक्टर लेकर घूम रहा तो कहीं पर इक्के-दुक्के कर्मचारी इन मशीनों के साथ सड़क पर झाड़ू लगाते नजर आ रहे है। सूत्रों की मानें तो ग्रेटर निगम क्षेत्र में प्रत्येक रोड स्वीपर मशीन के संचालन के बदले करीब 550 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान किया जा रहा है, वहीं हैरिटेज क्षेत्र में तो यह रकम करीब 900 रुपए के आसपास है।



प्रताप नगर क्षेत्र में सड़क किनारे सफाई करता रोड स्वीपर, जिसके साथ सफाईकर्मी व अन्य स्टॉफ मौजूद नहीं है।

नियमानुसार ग्रेटर क्षेत्र में मशीन के साथ 10 कर्मचारी तथा हैरिटेज क्षेत्र में 15 कर्मचारी अनिवार्य है, परंतु ठेकेदार लागत बचाने के लिए तय कर्मचारी भी नहीं लगा रहा। इस कारण सड़कों के किनारे मिट्टी के ढेर लगे हुए है, जिनकी सफाई तो नगर निगम के सफाईकर्मी कर रहे हैं, परंतु भुगतान सीधा ठेकेदार को हो रहा है।

इस संबंध में नगर निगम के गैराज शाखा के अधिकारियों का कहना है कि मैकेनाइज्ड स्वीपिंग में सब कुछ सही चल रहा है। सालाना करीब 16-17 करोड़ रु. का भुगतान हो रहा है, यह सही है। मशीनें तय रूटचार्ट के मुताबिक काम कर रही है। मासनून के दौरान कुछ समय के लिए यह काम बंद करवा दिया था, अब दीपावली पर इसे पुन: शुरू किया गया है। जब इस बारे में ठेकेदार फर्मों के प्रतिनिधियों से बात की गई तो उन्होंने पहले तो कहा कि, रोड स्वीपर मशीनों के साथ तय संख्या के मुताबिक श्रमिक कार्यरत है। जब उनसे सभी लोगों के वेतन से पी.एफ. और ई.एस.आई. का पैसा विभागों में जमा करवाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि, जो श्रमिक स्थायी है, उनके वेतन और पीएफ-ईएसआई का भुगतान किया जाता है, कुछ लेबर दिहाड़ी के हिसाब से बुलाई जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि टैंडर की शर्तों के विपरीत काम होने के बावजूद निगम प्रशासन मौन क्यों है?

- **परकोटा क्षेत्र में रोड स्वीपर मशीनों के साथ 15 तथा बाहरी क्षेत्रों में 10 कर्मचारी अनिवार्य, परंतु सड़कों पर ठेकेदार के एक चौथाई कार्मिक भी नहीं**
- **नगर निगम के व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम को चकमा देने के लिए ग्रेटर में 32 और हैरिटेज में 18 कि.मी. के तय रूट में सिर्फ सड़कों पर ट्रैक्टर घुमाकर चांदी कूट रही फर्में, अफसर मौन!**
- **नए ट्रैक्टर के साथ रोड स्वीपर मशीन की खरीद लागत 15 लाख रु. भी नहीं, इसके बावजूद किराये पर यह मशीनें लेकर ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने में जुटे हैं अफसर**

नगर निगम में इन फर्मों की रोड स्वीपर मशीनें कार्यरत

फर्म का नाम	मशीनों की संख्या
विवेक एंटरप्राइजेज	12
अली एंटरप्राइजेज	02
पूजा एंटरप्राइजेज	02
जयश्री कल्याण एंटरप्राइजेज	02
प्राइम रोड शॉल्यूशन	02
नगर निगम जयपुर	09

सोशल मीडिया वॉरियर्स पार्टी के मजबूत स्तंभ : मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने 2 वर्ष में संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे पूरे किए : भजनलाल शर्मा

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सूचना क्रांति के युग में सोशल मीडिया जनता के बीच पहुंचने का सशक्त और सुगम माध्यम है। सोशल मीडिया जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सोशल मीडिया वॉरियर्स के समर्पण और कर्मठता के कारण पार्टी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त करने में सहयोग मिला।

मुख्यमंत्री रविवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र, दुर्गापुरा में भाजपा की सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षाओं से बनें संकल्प पत्र का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रही है। लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में करीब 70 फीसदी संकल्प पत्र के वादों को पूरा कर लिया गया है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को बिना भेदभाव के 28 करोड़ रुपए दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में पेपर लीक हुए जिससे युवाओं के सपनों के साथ कुठाराघात हुआ। जबकि भाजपा की सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हम युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं। राज्य सरकार 2 वर्षों में युवाओं को 92 हजार सरकारी नियुक्तियां दे चुकी है। इस माह लगभग 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के समय प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया, जिसके अनुरूप योजनाओं और नीतियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हमने लंबित रामजल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते को गति प्रदान की। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान लगभग 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए। जिनमें से 7 लाख करोड़ से अधिक के धरातल पर उतर चुके है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। आज राजस्थान में किसानों को किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत 9000 रुपये मिल रहे है। पशुपालकों को डेढ़ लाख का गोपालक क्रेडिट कार्ड और दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर का अनुदान भी दिया जा रहा है। वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के क्रम में वर्तमान में 22 जिलों के किसानों को दिन के समय में बिजली उपलब्धता शुरू भी हो चुकी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि नई तकनीकों के विकास से सोशल मीडिया त्वरित प्रचार-प्रसार का त्वरित माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में व्यक्ति नहीं, नीतिगत संकल्प महत्वपूर्ण है। हम राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर कार्य कर रहे हैं।

- **मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकसित राजस्थान के पथ पर तेजी से अग्रसर : राठौड़**

पूर्व सैनिकों के सम्मान में 'ऑनर रन' मैराथन का आयोजन

वीर सैनिकों की राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा हमारे लिए प्रेरणादायी : मुख्यमंत्री

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे वीर जवान अपने परिवार से दूर रहकर, कठिन परिस्थितियों में नि:स्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते हैं। उनके अदम्य साहस और बलिदान के कारण ही हम सभी देशवासी चैन और सुकून से रह पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व सैनिक केवल सेवानिवृत व्यक्ति नहीं, बल्कि अनुभव और अनुशासन के प्रतीक हैं। उनकी राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा हम सब के लिए प्रेरणादायी है। यह देश के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह जवानों को उचित मान-सम्मान दें।

शर्मा ने रविवार को जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर थलसेना की दक्षिण पश्चिमी कमान की ओर से पूर्व सैनिकों की वीरता और बलिदान के सम्मान में आयोजित 'ऑनर रन' मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। यह मैराथन सेना दिवस (15 जनवरी) के उपलक्ष्य में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में आयोजित की गई। मैराथन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ हमारे राष्ट्र के उन अमर सपूतों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इसका उद्देश्य हमारे पूर्व सैनिकों के साहस, बलिदान और अदम्य भावना का सम्मान करना है, जिन्होंने नि:स्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनर रन के माध्यम से हम यह सन्देश देना चाहते हैं कि राजस्थान अपने सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि ऑनर रन का आयोजन हमारी सामूहिक चेतना की अभिव्यक्ति है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे हमारे जांबाज सैनिकों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर देश के निर्माण में अपना योगदान दें। अल्बर्ट हॉल पर आयोजित ऑनर रन मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की 3 श्रेणियों की दौड़ आयोजित की गई। मैराथन में सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों एवं आमजन ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। देशभक्ति के तरानों के बीच भारत माता की जयकार से माहौल जोश से भर उठा। कार्यक्रम में सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल माधवेन्द्र सिंह एवं जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अल्बर्ट हॉल पर थलसेना की दक्षिण पश्चिमी कमान की ओर से आयोजित 'ऑनर रन' मैराथन को फ्लैग ऑफ किया।

- **सैन्य जवानों को उचित सम्मान देना हर नागरिक का कर्तव्य : भजनलाल शर्मा**

50 हजार रु. लेकर भागे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

जयपुर (कासं)। बजाज नगर थाना क्षेत्र के बरकत नगर इलाके में चार दिसम्बर को एक महिला के बैग से 50 हजार रुपये चोरी कर भागे दो युवकों को पुलिस और जिला विशेष टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से चोरी किए बीस हजार रुपये बरामद किए गए है और शेष पैसों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। इसके अलावा आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी)ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार दिसम्बर को एक महिला के बैग से 50 हजार रुपये चोरी कर भागे आरोपित 21 वर्षीय लोकेश उर्फ छोटू निवासी रामदेव नगर महेश नगर जयपुर और 18 वर्षीय आलोक उमरवाला निवासी राम नगर विस्तार महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम में से 20 हजार रुपये बरामद किए गए हैं तथा शेष राशि की रिकवरी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने उनके पास से वारदात में काम ली गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल करते हुए बताया कि वे मोटरसाइकिल से घूम कर महिलाओं के बैग, जेवर दुकान और भीड़ भाड़ वाली जगहों पर आसानी से चोरी की घटनाएं अंजाम देते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी महिलाओं से चेन स्नैचिंग, चोरी और लूट से जुड़े कई मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि पीड़ित महिला अपनी बेटी की शादी के लिए बरकत नगर में सामान खरीदने पहुंची थी। इसी दौरान दो युवक मौके की तलाश में उसके पीछे-पीछे चलते रहे। बैग में रखी नकदी देखते ही मौका पाकर दोनों ने 50 हजार रुपये निकाल लिए और वहां से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला विशेष टीम और बजाज नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीमें गठित की गईं। टीम के सदस्यों ने आसपास की दुकानों और लोकेशन पर लगे 250-300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लगातार जांच करने पर दोनों संदिग्धों की गतिविधियां फुटेज में कैद मिलीं।

सार-समाचार

'दिव्यांगता कमी नहीं, बल्कि विशेष क्षमता'

जयपुर । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा जगतपुरा स्थित उत्कर्ष विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के साथ एक प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण जागरूकता शिविर, कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसमें बच्चों, शिक्षकों और ट्रस्ट के सदस्यों ने दिव्यांगता के प्रति संवेदनशीलता और समावेशन का संदेश दिया। इसके बाद बच्चों के लिए खेलकूद गतिविधियाँ, पेंटिंग प्रतियोगिता, मस्ती गेम्स और अन्य क्रिएटिव सेशन्स आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। ट्रस्ट मीडिया प्रभारी, सदस्य एवं स्वास्थ्य कल्याण होमियोपैथिक कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य प्रो.डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट दिव्यांग बच्चों व जरूरतमंद समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत है। ट्रस्ट की ओर से बच्चों को स्टेशनरी किट (पेंसिल, बॉक्स, ड्रॉइंग बुक आदि) वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने बच्चों को विश्व दिव्यांग दिवस का महत्व, समान अवसरों, अधिकारों और समाज में उनकी गरिमापूर्ण भागीदारी के बारे में सरल और प्रेरक तरीके से समझाया। सभी को यह संदेश दिया कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि एक विशेष क्षमता है- बस जरूरत है समझ, संवेदना और सहयोग की। इस अवसर पर देवोजानी बरुआ, उगंता चौधरी, तेजराज राजावत, विक्रम सैनी, नंदिनी, वीनू, सोनिका, पिंटू, आकाश आदि उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर ने सपत्निक की गौ-पूजा

जयपुर । जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल रविवार को अपनी धर्म पत्नी के साथ सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला पहुंचे। जहां पर उन्होने गौशाला का निरीक्षण कर गौ माता की पूजा-अर्चना कर हवन कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। सचिन मित्तल और उसकी धर्मपत्नी के आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ अतुल गुप्ता ,महासचिव मोनिका गुप्ता, अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद संजय पत्रियां ,राधेश्याम विजयवर्गीय ने दुपट्टा पहनाकर कमिश्नर दम्पति का स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर पर वेदाचार्य नितिन तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सचिन मित्तल और उसकी धर्मपत्नी से गौ माता का पूजन करवाया। इसी के साथ श्री काल भैरव भगवान के मंदिर में विशेष हवन संपन्न हुआ। कमिश्नर दम्पत्ति ने गौ माता व काल भैरव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कमिश्नर मित्तल ने गौशाला में महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, गौ आधारित खाद, जैविक प्रसंस्करण इकाई और प्राकृतिक खेती के मॉडल का निरीक्षण कर गहरी रुचि व्यक्त की।

डॉक्टर्स लीग के खिलाड़ियों की नीलामी

जयपुर । डॉक्टर्स प्रीमियम लीग (डीपीएल) जयपुर में डॉक्टर्स के बीच खेला जाने वाला बेहद प्रतिष्ठित वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट है। इस बार सीजन -18 में 20 टीमें भाग ले रही हैं। जयपुर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स की कुल 20 टीमों और लगभग 350 खिलाड़ियों का ऑक्शन ''डीपीएल 2026'' के लिए सफलतापूर्वक किया गया। डीपीएल के सुचारू और सफल आयोजन में डॉ. शिवराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका एक बार फिर प्रमुख रही। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. मणिकांत जैन, डॉ. अरुण सोनी , डॉ राजीव वशिष्ठ और डॉ. युवराज सिंह भी इस ऑक्शन के दौरान उपस्थित रहे और प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने में सक्रिय रहे। इस बार ऑक्शन पूरी तरह वर्चुअल पॉइंट्स के माध्यम से किया गया। सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में डॉ. आशीष सैनी सुर्खियों में रहे, जिन्हें 2.2 करोड़ वर्चुअल पॉइंट्स में देशबंधु ईएनटी हॉस्पिटल ने खरीदा, जो इस सीज़न की सबसे बड़ी और चर्चित बोली रही। डीपीएल 2026 के मुख्य स्पॉन्सर ''ज़िनजिनो'' रहे। डॉ. रिम्मी शेखावत ने महिला डॉक्टर्स की टीम को विशेष प्रोत्साहन देकर इस सीज़न में महिला सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाने की सराहनीय पहल की। एक ओर जहां भारत व साउथ अफ्रीका के मैचों को लेकर लोगों में उत्साह है। तो वहीं दूसरी ओर डॉक्टर्स सोशल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में इसी महीने आयोजित होने वाली डॉक्टर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन में बैट और बॉल का रोमांच फिर से सिर चढ़कर बोलेगा।

गोविंददेवजी मंदिर में हुआ 1131 यूनिट रक्तदान

जयपुर (कासं)। जयपुर के आराध्यदेव गोविंद देवजी के मंदिर में रविवार को वृहद रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन हुआ। इस रक्तदान शिविर में 1 हजार 131 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। जो जरुरतमंदों के लिए ब्लेड बैक को दिया गया।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वमी ने बताया कि ये हर्ष और गर्व का विषय है कि इस वर्ष रक्तदान में सहभागिता पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहीं है तथा बड़ी संख्या में भक्तजनों ,युवाओं एवं सेवाभावी दाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस पुनीत कार्य में अपना मूल्यवान समय , श्रम एवं सहयोग प्रदान करने वाले सभी रक्तदाताओं ,स्वसेवकों सहयोगी, चिकित्सक दल एवं व्यवस्थापकों आभार व्यक्त किया।

सीजीडी पोर्टल और माइंस डेशबोर्ड की लॉन्चिंग होगी

जयपुर (कासं)। माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग पारदर्शी और डेटा आधारित ऑनलाईन व्यवस्था शुरु कर समयबद्ध निस्तारण की दिशा में कदम बढ़ाने जा रहा है। विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि प्रवासी राजस्थानी दिवस में माइंस के सेक्टोरल सेशन के दौरान पारदर्शिता, समयबद्धता और त्वरित निष्पादन की दृष्टि से सीटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और खान विभाग में पारदर्शी व्यवस्था के तहत् डेशबोर्ड की लांचिंग भी की जाएगी।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि केन्द्रीकृत पोर्टल पर राज्य में कार्यरत सभी 13 सीजीडी संस्थाएं आवश्यक अनुमतियों के लिए ऑनलाईन आवेदन करने और संबंधित संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन ही अनुमतियां जारी की जा सकेगी। इससे कार्य में एकरुपता, पारदर्शिता के साथ ही तय समय में प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राज्य में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार पर जोर है। उनकी मंशा को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने सीजीडी सुविधाओं के विस्तार में आ रही बाधाओं को तय समय सीमा में दूर करने और स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ईंधन उपलब्ध कराने के काम में तेजी लाने के लिए सीजीडी नीति-2025 जारी कर हरित उर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट की है।

रविकान्त ने बताया कि राज्य में 17 भौगोलिक क्षेत्रों में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं और इनके कार्यक्षेत्र के नागरिकों के लिए सीजीडी पोर्टल लांच किया जा रहा है। सीजीडी संस्थाओं को स्थानीय स्वायत्तशाषी संस्थाओं से तय समय सीमा में आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने से ही अनुमतियां प्राप्त हो सकेगी। सीजीडी पोर्टल जारी होने से राज्य के 17 जियोग्राफिकल एरिया में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं को पाइप लाइन डालने के लिए अनुमति से लेकर भूमि आवंटन और अन्य स्वीकृतियां प्राप्त करने की समयवद्ध, सरल प्रक्रिया और इनके लिए स्थानीय निकायों को देय शुल्क आदि ऑनलाईन सुविधा होगी। इससे मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत होगी। रविकान्त ने बताया कि खान एवं भूविज्ञान विभाग की कार्य व्यवस्था को पारदर्शी और डेटा आधारित डैशबोर्ड का शुभारंभ राज्य में माइंस सेक्टर को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गत 2 वर्षों में रीको प्रशासन ने 31 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 2861 करोड़ रु. की स्वीकृतियां जारी की

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोच है कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर भूखण्ड आवंटन ही नहीं होना चाहिए, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, विद्युत की निर्बाध उपलब्धता, वाटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं भी आधुनिक स्वरूप में होनी चाहिए। इसके अनुरूप ही रीको प्रदेश में औद्योगिक ढांचे के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

राज्य सरकार के निर्देशों के तहत गत दो वर्षों में रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिनमें 31 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु 2861 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं। इसी तरह आगजनी से बचाव के लिए अलवर, उदयपुर, चूरू, जयपुर तथा कोटपुतली-बहरोड़ के कुल 7 औद्योगिक क्षेत्रों में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। पूर्व में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 494.57 करोड़ रुपये, आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन हेतु 382.38 करोड़ रुपये तथा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, विद्युतीकरण, हरित क्षेत्र विकास जैसे कई कार्यों में कुल 1085 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य आदेश जारी किए गए हैं। औद्योगिक क्षेत्रों मे अन्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु अतिरिक्त 234 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां भी जारी की गईं।

राजस्थान के सभी जिलों के उत्पादों को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करने के लिए जयपुर में 19,880 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्रधानमंत्री एकता मॉल का निर्माण कार्य जारी है। राजस्थान पेट्रो जोन, बोरावास-कलावा (बालोतरा) में प्लग एंड प्ले फैक्ट्री शेड निर्माण हेतु 7 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी किए गए हैं तथा 6 अतिरिक्त शेड निर्माण के लिये 15 करोड़ रुपये के कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

जयपुर स्थित विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन हेतु रीको द्वारा 47 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के तहत सीमेंट कंक्रीट सड़कों का निर्माण, पेव्ड शोल्डर का विकास, आरसीसी डिवाइडर निर्माण, श्रमिकों के लिए सुरक्षित पाथवे, विद्युत आपूर्ति हेतु भूमिगत पावर लाइन, 140 नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें एवं 6 हाईमास्ट लाइटें लगवाने इत्यादि का कार्य किया जायेगा।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के बाद भूमि की बढ़ती मांग को देखते हुए रीको ने तेजी से सरकारी भूमि लेने की प्रक्रिया शुरू की है। गत 1 अप्रैल से अब तक विभिन्न विभागों एवं निकायों से लगभग 1100 करोड़ रुपये मूल्य की 4340 हेक्टेयर भूमि आवंटित करवाई जा चुकी है। इसमें मुख्यतया राजस्थान पेट्रो जोन बालोतरा में 550 हेक्टेयर, दौसा-बांदीकुई में इंडस्ट्रियल एवं लॉजिस्टिक हब के लिए 1120 हेक्टेयर, अजमेर में 325 हेक्टेयर, जयपुर में 110 हेक्टेयर एवं भीलवाड़ा में 600 हेक्टेयर भूमि आवंटन हुआ है। इसी प्रकार बांदीकुई-दौसा के समीप इंडस्ट्रियल एवं लॉजिस्टिक हब की स्थापना हेतु 1047 हेक्टेयर भूमि का आवंटन कराया गया है। रीको के ये सभी कदम राज्य में इच्छुक निवेशकों को अपने प्रोजेक्ट लगाने तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोच है कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर भूखण्ड आवंटन ही नहीं होना चाहिए, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, विद्युत की निर्बाध उपलब्धता, वाटर हार्वेस्टिंग जैसी सुविधाएं भी आधुनिक स्वरूप में होनी चाहिए।**
- **रीको प्रशासन ने आगजनी से बचाव के लिए अलवर, उदयपुर, चूरू, जयपुर तथा कोटपुतली-बहरोड़ के कुल 7 औद्योगिक क्षेत्रों में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए हैं।**